HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 1689/2021

1. Smt. Mafiya Bano Wife Of Late Shri Habeeb Miyan, Aged About 31 Years, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad, Tehsil Dudu, District Jaipur.
2. Faizan Son Of Late Shri Habeeb Miyan, Aged About 13 Years, Minor Through His Natural Guardian And Mother Smt. Mafiya Bano Wife Of Late Shri Habeeb Miyan, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad,tehsil Dudu, District Jaipur.
3. Gulab Son Of Late Shri Habeeb Miyan, Aged About 11 Years, Minor Through His Natural Guardian And Mother Smt. Mafiya Bano Wife Of Late Shri Habeeb Miyan, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad,tehsil Dudu, District Jaipur.
4. Taniya Daughter Of Late Shri Habeeb Miyan, Aged About 9 Years, Minor Through His Natural Guardian And Mother Smt. Mafiya Bano Wife Of Late Shri Habeeb Miyan, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad,tehsil Dudu, District Jaipur.
5. Sultan Khan Son Of Late Shri Allabandh Khan, Aged About 54 Years, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad, Tehsil Dudu, District Jaipur.

----Appellants

Versus

1. Ram Lal Gurjar Son Of Shri Sheo Narayan Gurjar, Resident Of Gudha Shahpura, Tehsil Dudu, District Jaipur (Registered Owner Vehicle No. Rj-14-Gc-8786)
2. The Future General India Insurance Company Limited, Regional Office, Second Floor, Royal World, S.c. Road, Opposite City Centre, Jaipur Through Divisional Manager (Insurance Company Vehicle No. Rj-14-Gc-8786)
3. Kamla Bano Wife Of Shri Sultan Khan, Resident Of Harsoriya Ki Dhani, Mojmabad,tehsil Dudu, District Jaipur.

----Respondents

For Appellant(s) : Mr. Kapil Sharma, Adv. for
Mr. Sandeep Mathur, Adv.

For Respondent(s) : Ms. Anjali Assat, Adv. & Mr. Dinesh Saini, Adv. for Mr. Virendra Agrawal, Adv.

HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS

Judgment / Order

23/02/2026

अपीलार्थी–दावेदार (आगे ''दावेदार'' कहा जावेगा) की ओर से यह अपील धारा 30 कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 (आगे ''अधिनियम–1923'' कहा जावेगा) के तहत विद्वान न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 जयपुर द्वारा प्रकरण E.C.C.F. No. 153/2019 में पारित निर्णय दिनांक 20.07.2021 से व्यथित होकर पेश की है जिसके माध्यम से दावेदारों को कुल 4,28,038/– रूपये मय 12 प्रतिशत ब्याज सहित प्रतिकर दिलाया है।

विद्वान अधिवक्ता दावेदारान का निवेदन है कि विद्वान विचारण न्यायालय द्वारा प्रतिकर की गणना करते समय मृतक की आय को समुचित रूप से विचार में नहीं लिया गया है, ''अधिनियम–1923'' की धारा 23(4ए) के तहत शास्ति की राशि भी नहीं दिलायी है, इस प्रकार प्रतिकर राशि को अपर्याप्त होना बताते हुए यथोचित रूप से बढाये जाने का निवेदन किया।

इसके विपरीत विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी–बीमा कम्पनी का निवेदन है कि अपीलार्थी द्वारा लिये गये आधार तथ्यों के संबंध में हैं, जिन पर विद्वान विचारण न्यायालय द्वारा उपलब्ध सामग्री पर विचार करने के उपरान्त निर्णय पारित किया है। ''अधिनियम–1923'' की धारा–30 के प्रावधानों के अनुसार विधि का सारवान प्रश्न अन्तर्वलित होने पर ही यह यह अपील पोषणीय है, चूंकि इस मामले में विधि का कोई सारवान प्रश्न अन्तर्वलित नहीं है, अतः ''अधिनियम–1923'' की धारा–30 के प्रावधान तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा North East Karnataka Road Transport Corporation Vs. Sujatha (2019) 11 SCC 514 में प्रतिपादित व्यवस्था के अनुसार यह अपील पोषणीय नहीं है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा North East Karnataka Road Transport Corporation Vs. Sujatha (Supra) के सुसंगत पैरा संख्या–9, 10, 11 तथा 12 निम्नानुसार है–

> **9.** At the outset, we may take note of the fact, being a settled principle, that the question as to whether the employee met with an accident, whether the accident occurred during the course of employment, whether it arose out of an employment, how and in what manner the accident occurred, who was negligent in causing the accident, whether there existed any relationship of employee and employer, what was the age and monthly salary of the employee, how many are the dependents of the deceased employee, the extent of disability caused to the employee due to injuries suffered in an accident, whether there was any insurance coverage obtained by the employer to cover the incident etc. are some of the material issues which arise for the just decision of the Commissioner in a claim petition when an employee suffers any bodily injury or dies during the course of his employment and he/his LRs sue/s his employer to claim compensation under the Act.
>
> **10.** The afore-mentioned questions are essentially the questions of fact and, therefore, they are required to be proved with the aid of evidence. Once they are proved either way, the findings recorded thereon are regarded as the findings of fact.
>
> **11.** The appeal provided under Section 30 of the Act to the High Court against the order of the Commissioner lie only against the specific orders set out in clause (a) to (e) of Section 30 of the Act with a further rider contained in first proviso to the Section that the appeal must involve substantial question of law.
>
> **12.** In other words, the appeal provided under Section 30 of the Act to the High Court against the order of the Commissioner is not like a Regular First Appeal akin to Section 96 of the Code of Civil Procedure, 1908 which can be heard both on facts and law. The appellate jurisdiction of the High Court to decide the appeal is confined only to examine the substantial questions of law arising in the case.

उपरोक्त निर्णय में प्रतिपादित विधिक व्यवस्था तथा अधिनियम–1923 की धारा 30 के प्रावधानों के अनुसार स्पष्ट है कि विधि का सारवान प्रश्न अन्तर्वलित होने पर ही अपील सुनवाई हेतु ग्रहण की जा सकती है। वर्तमान मामले में विद्वान अधिवक्ता दावेदारों की ओर से प्रतिकर राशि को अपर्याप्त होना बताया है जो उपरोक्त निर्णय में प्रतिपादित व्यवस्था के अनुसार तथ्यों

का प्रश्न है, जिस पर विद्वान विचारण न्यायालय ने दोनों पक्षों की साक्ष्य पर विचार करने के उपरान्त अपीलाधीन निर्णय पारित किया है, विद्वान विचारण न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध महत्वपूर्ण साक्ष्य को नजरअंदाज कर अपना निष्कर्ष दिया हो अथवा जो तथ्य अभिलेख पर थे ही नहीं, उन पर विचार करने के उपरान्त मनमाना निर्णय दिया हो, ऐसी स्थिति अभिलेख पर नहीं है।

उपरोक्त परिस्थितियों में विधि का कोई सारवान प्रश्न इस मामले में अन्तर्वलित नहीं है, इस प्रकार न्यायिक निर्णय North East Karnataka Road Transport Corporation (पूर्वोक्त) में प्रतिपादित व्यवस्था तथा अधिनियम–1923 की धारा–30 के अनुसार यह अपील पोषणीय नहीं होने से खारिज होने योग्य है।

तदनुसार अपीलाधीन निर्णय दिनांक 20.07.2021 की पुष्टि करते हुए यह अपील खारिज की जाती हैं।

विचारण न्यायालय का अभिलेख यदि प्राप्त हो रखा है तो इस आदेश की प्रति के साथ विचारण न्यायालय को प्रेषित किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

Mittal /32